प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–हापुड़

6532

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/हापुड़/2022–23/ दिनांक 07-12-22

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स/समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक 19.07.2022 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 11–15 अक्टूबर, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–हापुड़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराया गया भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं उपमहाप्रबन्धक क्यू0ए0/नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, हापुड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01/एस.पी.एम.यू./सहयोगात्मक पर्यवेक्षण/हापुड़/2022–23 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
2. जिलाधिकारी/अध्य0क्ष जिला स्वास्थ्य समिति, हापुड़।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मेरठ मण्डल।
4. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, मेरठ मण्डल।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोअर्डीनेटर, हापुड़।

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–हापुड़

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / हापुड़ / 2022–23 दिनांक 07-12-22

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

महोदय,

अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित पत्रांक–एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / एम0 एण्ड ई0 / 2022–23 / 04 / 2566–2 दिनांक 19.07.2022 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 11–15 अक्टूबर, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–हापुड़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

पर्यवेक्षण दल द्वारा उपलब्ध कराया गया भ्रमण आख्या इस पत्र के साथ संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि, उक्त आख्या पर आवश्यक कार्यवाही कर बिन्दुवार अनुपालन एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी एवं उपमहाप्रबन्धक क्यू0ए0 / नोडल अधिकारी–अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, हापुड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीया

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / हापुड़ / 2022–23 / 6532-6 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश।
2. जिलाधिकारी / अध्य0क्ष जिला स्वास्थ्य समिति, हापुड़।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मेरठ मण्डल।
4. महाप्रबन्धक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यकम प्रबन्धक, मेरठ मण्डल।
6. जिला कार्यकम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक, जिला अरबन कोअर्डीनेटर, हापुड़।

Aparna U

**(अपर्णा उपाध्याय)**
मिशन निदेशक

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–हापुड़
# भ्रमण दिनांक 11–15 अक्टूबर, 2022

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक–एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2022–23/04/2566–2 दिनांक 19.07.2022 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 11–15 अक्टूबर, 2022 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत जनपद–हापुड़ का भ्रमण, संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यय की समीक्षा की गई।

टीम के सदस्य –

1. श्री अश्वनी कुमार सिंह, सलाहकार, मातृ स्वास्थ्य, एस.पी.एम.यू.,एन.एच.एम.।
2. श्री जमाल अहमद, कार्यक्रम समनव्यक, जनसूचना, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.।

### ब्लॉक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–शिम्भावली ब्लॉक
### दिनांक 12.10.2022

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, शिम्भवली पर ए0एन0सी0 रजिस्टर एवं एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। जिसके फलस्वारूप ए0एन0सी0 एवं एच0आर0पी0 से सम्बन्धित सूचनायें इस स्वास्थ्य केन्द्र पर उपलब्ध नहीं है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र का प्रत्येक माह डिलिवरी लोड लगभग 180–200 है। पिछले माह इस केन्द्र पर 188 प्रसव कराये गये थे। तीन स्टॉफ नर्स एवं एक एल0एच0वी के द्वारा डिलिवरी करवायी जा रही है। | कार्यरत स्टॉफ नर्सों को लेबर रूम प्रोटोकॉल/ सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, शिम्भावली ब्लॉक/ मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड़ |
| • MaNTrA Application पर प्रसव सम्बन्धित सभी सूचनायें स्टॉफ नर्स द्वारा अंकित की जा रही हैं। | MaNTrA पोर्टल पर अपूर्ण सूचनायें शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु कहा गया। | |
| • प्रसव कक्ष में प्रसव हेतु सभी सात ट्रे उपलब्ध हैं परन्तु उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है।<br>• उपकरणों के स्ट्रलइजेशन का डाटा अंकन हेतु ऑटोक्लेव रजिस्टर नहीं बनाया गया था।<br>• उपकरणों को ऑटोक्लव हेतु ऑटोक्लेव स्टरलाइजेशन [illegible] नहीं है। | | |

| | | |
|---|---|---|
| • इस स्वास्थ्य केन्द्र पर रेडियेन्ट वार्मार नहीं होने के कारण प्रसव कक्ष में न्यू बोर्न केयर कॉर्नर नहीं बनाया गया है।<br>• एम0सी0एच0 सर्विसेस से सम्बन्धित Documentation ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा है।<br>• **जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थी को दिया जाने वाले डाईट की व्यवस्था की गई है, जबकि डाईट चार्ट Display नहीं किया गया है।**<br>• **स्टाफ नर्स को बायो मेडिकल वेस्ट से सम्बन्धित जानकारी नहीं थी।**<br>• **लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है** | | |
| • अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर के अधिकारियों/कर्मियों द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित कोई भी नहीं रिर्पोट एवं चेकलिस्ट भरे नहीं पाया गया। जिससे प्रतीत होता है कि नियमित रूप से ब्लॉक स्तर के अधिकारियों/कर्मियों द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, शिम्भावली को जिला लेखा प्रबन्धक से समन्वय स्थापित करने का सुझाव दिया गया। | जिला लेखा प्रबन्धक, नोडल अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, हापुड़/ मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड़ |
| • पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों के Diarrhoea एवं Pneumonia से सम्बन्धित कोई रिकार्ड नहीं पाया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, शिम्भावली को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, शिम्भावली |
| • अग्निशामक यंत्र लगा है, सभी पर एक्सपाईरी की तिथि अंकित है साथ ही अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु सभी अधिकारी/कर्मी प्रशिक्षित है। | | |
| • औषिधि का भण्डारण ठीक प्रकार से किया जा रहा है। परन्तु भण्डारण हेतु उपलब्ध कमरा में कुछ दवाओं के कार्टन आईरन रेक की कमी होने के कारण जमीन पर रखे थे।<br>• भ्रमण के दौरान फार्मासिस्ट द्वारा | फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, दवा वितरण कक्ष के बाहर EDL Display करायें। | फार्मासिस्ट/ ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, पी0एच0सी0, शिम्भवली |

| | | |
|---|---|---|
| अवगत कराया गया कि, अधिकतर Antibiotic स्टॉक में उपलब्ध नहीं है। चिकित्सालय परिसर में कहीं पर भी EDL Display नहीं किया गया है। | | |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र(एफ0आर0यू0)–हापुड़
## दिनांक 13.10.2022

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हापुड़, जनपद–हापुड़ का एफ. आर.यू. है।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, हापुड़, शहर के बीच स्थित है, जहां पर OPD एवं Delievery load अत्यधिक है किन्तु इस स्वास्थ्य इकाई को आवंटित संसाधन स्वीकृत Bed Strength के आधार पर की जाती है किन्तु OPD एवं Delievery load अत्यधिक होने के कारण इस स्वास्थ्य केन्द्र को मिलने वाली औषधि एवं अन्य संसाधन काफी कम पड़ रहे हैं। अतः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद हापुड़ को आवंटित किये जाने संसाधन को मरीजो की संख्या के आधार पर किये जाने की आवश्यक्ता है।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हापुड पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डा0 दीप्ती मलिक एवं निश्चेतक डा0 प्रवीण कुमार गुप्ता एवं डा0 अंकिता वर्मा की तैनाती की गयी है।<br>• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हापुड एन0क्यू0ए0एस0 एवं लक्ष्य प्रमाणित स्वास्थ्य इकाई के रूप में कियान्वित है परन्तु–<br>✓ प्रसव कक्ष एवं ओ0टी0 में जोनिंग नही पायी गयी।<br>✓ उपकरणों को ऑटोक्लेब हेतु ऑटोक्लेव स्टरलाइजेशन इण्डीकेटर उपलब्ध नहीं है।<br>✓ चिकित्सालय में ब्लड स्टोरेज यूनिट अति संकुचित है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र का प्रत्येक माह | कार्यरत स्टॉफ नर्सो को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation कराया जाए।<br><br>उपकरण एवं कन्ज्यूमेबिल्स को उपलब्ध कराये जाने हेतु कहा गया, जिससे सभी प्रकार की जटिल सर्जरी की जा सके।<br><br>प्रसव कक्ष एवं ओ0टी0 में जोनिंग किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।<br>उपकरणों को ऑटोक्लेब हेतु ऑटोक्लेव स्टरलाइजेशन इण्डीकेटर उपलब्ध कराये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, हापुड़ / मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड़<br><br>चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, हापुड़ / अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, आर0सी0एच0 मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड़ |

| | | |
|---|---|---|
| डिलिवरी लोड 150–200 है। माह सितम्बर में इकाई पर 209 सामान्य प्रसव एवं 17 सिजेरियन प्रसव कराये गये है। प्रसव कक्ष में चार स्टॉफ नर्स के द्वारा डिलिवरी करवाया जा रहा है।<br>• जे.एस.एस.के. के अन्तर्गत लाभार्थी को दिया जाने वाले डाईट की व्यवस्था सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से की गई है, एवं दिये जा रहे भोजन की Quality अच्छी है। लेबर रूम के बाहर **Shoe Rack, Shoe Cover, Mask** आदि की व्यवस्था पायी गई है<br>• चिकित्सालय में एम0एन0सी0यू0 बनाया गया है, जिसमें लो बर्थ वेट एवं हाइपोथर्मिया से ग्रसित नवजात शिशुओं को चिकित्सा प्रदान की जा सके। एम0एन0सी0यू0 एस0एन0सी0यू0 से स्टेप डाउन कक्ष के रूप संचालित किया जा रहा है। एम0एन0सी0यू0 में माँ एवं नवजात शिशु को एक साथ चिकित्सकीय सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान है। | जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को दिये जा रहे भोजन से सम्बन्धित डाईट चार्ट Display लगाने का सुझाव दिया गया। | |
| • पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों के Diarrhoea एवं Pneumonia से सम्बन्धित कोई रिकार्ड नहीं पाया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, हापुड़ को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, हापुड़ |
| • चिकित्सालय परिसर में कहीं पर भी EDL Display नहीं किया गया है। | चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, दवा वितरण कक्ष के बाहर EDL Display करायें। | चीफ फार्मासिस्ट / चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, हापुड़ |

**हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) उपेड़ा,**
**दिनांक 13.10.2022**

- इस हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर के अन्तर्गत एक सी0एच0ओ0, एक ए0एन0एम0 एवं 08 आशायें कार्यरत हैं।
- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर (उपकेन्द्र) सरकारी भवन में स्थित है।
- Electricity Connection है, साथ ही Power Backup की व्यकल्पिक व्यवस्था भी की गई है।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा उपलब्ध है।

- हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पर संस्थागत प्रसव का प्राविधान नहीं है। केवल OPD की सेवायें दी जा रही हैं।
- केन्द्र पर 14 Diagnostic Test के सापेक्ष कुल 09 प्रकार की Diagnostic Test की सेवायें दी जा रही हैं।
- प्रथमिक चिकित्सा केन्द्र पर हाईपरटेंशन की दवा उपलब्ध नहीं थी।
- एन.सी.डी. स्क्रिनिंग एवं ट्रीटमेंट हेतु एन.सी.डी. पोर्टल पर ऑन लाईन अपडेट किया जा रहा है।
- योगा एवं अन्य वेलनेस गतिविधियों हेतु कोई कार्ययोजना उपलब्ध नहीं पाई गई।
- प्रोटोकॉल पोस्टर पाए गए।
- ई–संजीवनी Tele Consultation के माध्यम से मरीज़ों को सी0एच0ओ0 द्वारा चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। आशा, ए.एन.एम. एवं सी.एच.ओ. की एन.सी.डी. ट्रेनिंग हो चुकी है।
- उपलब्ध दवाओं का रख रखाव ठीक प्रकार से किया जा रहा है।

**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, भीम नगर**
**दिनांक 13.10.2022**

- अर्बन हेल्थ सेन्टर, भीम नगर, किराये के भवन में स्थित है।
- 11 ए0एन0एम0 के सपेक्ष 09 ए0एन0एम0 एवं 23 आशा के सापेक्ष 21 आशा कार्यरत हैं।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात मेडिकल ऑफिसर के पास किसी भी प्रकार के रिकार्ड/डुकुमेन्टस नहीं थे। उन्हें यह भी पता नहीं था कि उनके स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा कितनी जनसंख्या को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात मेडिकल ऑफिसर एवं अन्य स्टॉफ के बीच आपसी समन्वय/तालमेल नहीं देखा गया।
- यह हेल्थ सेन्टर Delievery point नहीं है, परन्तु इस हेल्थ सेन्टर पर अप्रैल 2022 से भ्रमण के दिनांक तक कुल 17 संस्थागत प्रसव कराये गये हैं।
- Electricity Connection है Power Backup की व्यकल्पिक व्यवस्था भी है। परन्तु बिजली बिल जमा नहीं होने के कारण, बिजली विभाग द्वारा कनेक्सन काट दिया गया है।
- 24X7 रनिंग वाटर की सुविधा है।
- Wash Basin के पास Handwash Protocol Poster नहीं लगाया गया है। Liquid Soap, Towel आदि की भी व्यवस्था नहीं की गई है।
- लैब के वाश बेशिन में Elbow Type नलका नहीं लगाया गया है। Slide Stand/Tube Stand उपलब्ध नहीं है।
- योगा एवं अन्य वेलनेस गतिविधियों हेतु कोई कार्ययोजना उपलब्ध नहीं पाई गई।
- प्रोटोकॉल पोस्टर पाए गए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धौलाना (एफ0आर0यू0)
## दिनांक 14.10.2022

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले लाभार्थी चिकित्सा केन्द्र पर नियामानुसार 48 घन्टे नहीं रूक रहे हैं।<br>• चिकित्सालय में ब्लड स्टोरेज यूनिट भी नहीं है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र का प्रत्येक माह डिलिवरी लोड 125–170 है। माह सितम्बर में इकाई पर 158 सामान्य प्रसव एवं 02 सिजेरियन प्रसव कराये गये है। तीन स्टॉफ नर्स एवं दो ए0एन0एम0 के द्वारा डिलिवरी करवाया जा रहा है।<br>• स्वास्थ्य केन्द्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती के उपरान्त भी न्यूनतम 05 सिजेरियन प्रसव नहीं हो पा रहे है।<br>• प्रसव कक्ष में रेडियेन्ट वार्मर अकियाशील पाया गया, जिससे नवजात शिशु हेतु एन0बी0सी0सी0 उपयोग नहीं किया जा रहा है।<br>• प्रसव कक्ष में निजिता को बनाये रखने के लिये पर्दो का अभाव था। इसके अतिरिक्त बर्थ कैम्पैनियन के बैठने के लिये स्टूल की व्यवस्था नहीं पायी गयी।<br>• लेबर रूम में नवीन प्रारूप लेबर रूम रजिस्टर उपलब्ध नहीं है, जिससे मंत्र पोर्टल पर डाटा अंकन में असुविधा है।<br>• प्रसव कक्ष में ऑक्सीटोसिन उपलब्ध नहीं था।<br>• जे.एस.एस.के. के अर्न्तगत लाभार्थी को दिया जाने वाले डाईट की व्यवस्था नहीं की गई है।<br>• लेबर रूम के बाहर Shoe Rack, Shoe Cover, Mask आदि की व्यवस्था नहीं की गई है<br>• चिकित्सालय में एम0एन0सी0यू0 बनाया गया है, जिसमें लो बर्थ वेट एवं हाइपोथर्मिया से ग्रसित | कार्यरत स्टॉफ नर्सो को लेबर रूम प्रोटोकॉल / सेफ्टी प्रोटोकॉल, एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु **Re-orientation** कराया जाए।<br><br>ओ.पी.डी. / एन.एन.सी. में एच0आर0पी0 केसेज् को चिन्हित कर, आवश्यकतानुसार उक्त स्वास्थ्य इकाई पर सिजेरियन प्रसव हेतु कान्उसलिंग प्रदान की जानी चाहिए। | लेबर रूम स्टॉफ नर्स / चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, धौलाना एवं जिला समन्वयक, मातृ स्वास्थ्य |

| | | |
|---|---|---|
| नवजात शिशुओं को चिकित्सा प्रदान की जा सके। एम0एन0सी0यू0 एस0एन0सी0यू0 से स्टेप डाउन कक्ष के रूप संचालित किया जा रहा है। एम0एन0सी0यू0 में माँ एवं नवजात शिशु को एक साथ चिकित्सकीय सुविधा प्रदान किये जाने का प्राविधान है।<br>• वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु जे0एस0वाई0 लाभार्थी 797 के सापेक्ष 633, Female Sterilization लाभार्थी 82 के सापेक्ष 71, एवं Male Sterilization लाभार्थी 08 के सापेक्ष 08, का भुगतान किया गया है।<br>• स्वास्थ्य इकाई पर स्थापित कान्डम बॉक्स में कान्डम नहीं पाये गये। | | |
| • अनुश्रवण एवं मूल्यांकन के अन्तर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तर के वाहनों का उपयोग दिशा निर्देश के अनुसार नहीं हो रहा है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित चेकलिस्ट किसी भी स्तर पर भरे नहीं जा रहे है। ना ही उसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, धौलाना को सहयोगात्मक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित दिशा निर्देश के अनुसार भ्रमण सुचारू बनाने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, धौलाना /नोडल अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, हापुड़/ मुख्य चिकित्साधिकारी, हापुड़ |
| • पांच वर्ष तक के आयु के बच्चों के Diarrhoea एवं Pneumonia से सम्बन्धित कोई रिकार्ड नहीं पाया गया। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, धौलाना को सुझाव दिया गया कि इस सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, धौलाना। |
| • चिकित्सा केन्द्र पर Essential Drug list Display नहीं किया गाय है।<br>• दवा भण्डारण के अन्तर्गत दवाओं का रख रखाव ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है। दवाओं के रेक पर परएक्सपाईरी डेट नहीं दर्शाया गया है।<br>• First Come First out का सिस्टम भी नहीं बनाया गया है।<br>• चिकित्सालय में कहीं पर भी EDL Display नहीं किया गया है। | टीम द्वारा चीफ फार्मासिस्ट को सुझाव दिया गया कि, दवाओं का भण्डारण प्रोटोकॉल एवं नियमानुसार करें | चीफ फार्मासिस्ट, सी0एच0सी0 धौलाना, हापुड़ |

## समीक्षा बैठक

जनपद के विभिन्न चिकित्सा स्वास्थ्य केन्द्रों, के पर्यवेक्षण के उपरान्त राज्य स्तरी पर्यवेक्षण टीम द्वारा, मुख्य चिकित्साधिकारी, जनपद–हापुड़, एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से सम्बन्धित चल रहे कार्यक्रमों को और भी बेहतर करने हेतु चर्चा की गई।

मुख्य चिकित्साधिकारी हापुड़ द्वारा टीम को आश्वस्त किया गया कि टीम द्वारा उपलब्ध कराये गए रिपोर्ट के आधार पर समस्त गैप्स को जल्द ही दूर करा दिया जाएगा।

**जमाल अहमद,**
कार्यक्रम समन्वयक, जनसूचना

अश्वनी कुमार सिंह,
सलाहकार, मातृ स्वास्थ्य,